3. तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा प्रेषित कुर्रेजात रिपोर्ट मय नजरी नक्शा पर अधिवक्ता उभय पक्षकारान की बहस सुनी गई। प्रकरण में कुर्रेजात रिपोर्ट मय नजरी नक्शा पर दौराने बहस अधिवक्ता प्रतिवादीगण द्वारा मौखिक आपत्ति पेश की गई। तत्पश्चात स्वयं पीठासीन अधिकारी द्वारा वादग्रस्त आराजी का मौका निरीक्षण किया गया। प्रकरण में प्रतिवादी सरूपा पुत्र हीरा की आपत्ति है कि सरूपा पुत्र हीरा को खसरा संख्या 46 / 2 में 16 बीघा आराजी दी जावे। असल में खसरा संख्या 46 / 2 का कुल रकबा करीब 42 बीघा है। प्रकरण में समस्त संयुक्त आराजी में काना पुत्र अजा का कुल हिस्सा रकबा 28 बीघा बनता है। इसी प्रकार समस्त संयुक्त आराजी में सरूपा पुत्र हीरा के हिस्से का कुल रकबा 28 बीघा बनता है। जबकि मौके पर खसरा संख्या 46 / 2 में काना पुत्र अजा 26 बीघा आराजी पर काबिज काश्त है। जबकि खसरा संख्या 46 / 2 में सरूपा पुत्र हीरा करीब 16 बीघा आराजी पर काबिज काश्त है। इस प्रकार सरूपा पुत्र हीरा खसरा संख्या 46 में करीब 12 बीघा भूमि पर काबिज काश्त है।

4. अगर खसरा संख्या 46 / 2 में सरूपा पुत्र हीरा को 16 बीघा आराजी दी जाती है तो काना पुत्र अजा को 26 बीघा आराजी शेष बचती है। इस कारण काना पुत्र अजा को अपने हक हिस्से की आराजी 28 बीघा में से केवल 02 बीघा आराजी हेतु नहर के दूसरी तरफ खसरा संख्या 46 में जाना होगा। इस प्रकार काना पुत्र अजा को दो जगह आराजी प्राप्त होगी। इससे काना पुत्र अजा की 02 बीघा आराजी का एक छोटा सा टुकड़ा अलग–थलग प्राप्त होगा। जबकि सरूपा पुत्र हीरा का पहले से ही दो खसरों में कब्जा काश्त है। अगर सरूपा पुत्र हीरा को खसरा संख्या 46 / 2 में 16 बीघा के स्थान पर 14 बीघा आराजी दी जाती है और शेष 28 बीघा आराजी इसी खसरे में काना पुत्र अजा को पूर्ण हो जाएगी। इससे काना पुत्र अजा की आराजी का बिना वजह विखण्डन नहीं होगा। साथ ही सरूपा पुत्र हीरा की खसरा संख्या 46 / 2 में 16 बीघा के स्थान पर 14 बीघा आराजी प्रदान करने से कम हुई 02 बीघा आराजी को खसरा संख्या 46 में पहले से ही सरूपा पुत्र हीरा के 12 बीघा कब्जे काश्त सेढे प्रदान किया जा सकता है। इससे किसी को भी असुविधा नहीं है। इस कारण प्रतिवादीगण द्वारा की गई कुर्रेजात रिपोर्ट पर आपत्ति निराधार एवं तथ्यहीन होने से खारिज की जाती है।

5. प्रकरण में बहस पर मनन किया एवं संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2074–2077 तथा कुर्रेजात रिपोर्ट एवं कुर्रेजात व नजरी नक्शा पर का ध्यानपर्वूक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि वादीगण एवं असल प्रतिवादीगण संयुक्त आराजी खसरा संख्या 46 / 5.3418 है0, 46 / 2 / 6.8392 है0, 45 / 0.0243 है0 मौजा बेरीगांव पटवार मण्डल बेरीगांव तहसील गुड़ामालानी के संयुक्त खातेदार है। उक्त वर्णित संयुक्त आराजी वादीगण एवं असल प्रतिवादीगण की शामलाती कब्जे काश्त खातेदारी की आराजी है। जिस संयुक्त आराजी में वादीगण तथा असल प्रतिवादीगण का हिस्सा दर्ज रिकॉर्ड होना प्रमाणित होता है। उक्त विवादित आराजीयात अविभाजित है एवं राजस्व रिकॉर्ड में पक्षकारान के मध्य

| खातेदार | हिस्सा | ग्राम | खसरा | रकबा | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| कानाराम पुत्र अजाराम | 20601/91540 | बेरीगांव | 46/2 | 4.5770 है0 | बा0सो0 |
| छोगाराम पुत्र अजाराम | 20601/91540 | | | | |
| लुम्बाराम पुत्र अजाराम | 20601/91540 | | | | |
| पारूदेवी पत्नी अजाराम | 20601/91540 | | | | |
| जाति रैबारी (देवासी) सा0 देह खातेदार रहन कानाराम, छोगाराम, लुम्बाराम, पारूदेवी का हिस्सा एसबीआई गुड़ामालानी | | | | | |
| ताजाराम पुत्र गेनाराम जाति जाट सा0 देह खातेदार | 2284/22885 | | | | |
| कुल किता 01 रकबा 4.5770 है0 | | | | | |
| सरूपाराम पुत्र हीराराम | 3/5 | बेरीगांव | 45<br>46/2 | 0.0243 है0<br>2.2662 है0 | गै0मु0<br>बा0सो0 |
| नीम्बा पुत्र हीराराम<br>फौत के कायम मुकाम<br>शांति पुत्री नीम्बाराम<br>धापूदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>अणसीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>अमरू पुत्री नीम्बाराम<br>मफीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>काणीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>जाति रैबारी सा0 देह खातेदार रहन—सरूपा पूर्ण हिस्सा एसबीआई गुड़ामालानी | <br><br>1/15<br>1/15<br>1/15<br>1/15<br>1/15<br>1/15 | | | | |
| कुल किता 02 रकबा 2.2865 है0 | | | | | |
| सरूपा पुत्र हीराराम | 3/5 | बेरीगांव | 46 | 5.3418 है0 | बा0सो0 |
| नीम्बा पुत्र हीराराम<br>फौत के कायम मुकाम<br>शांति पुत्री नीम्बाराम<br>धापूदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>अणसीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>अमरू पुत्री नीम्बाराम<br>मफीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>काणीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>जाति रैबारी सा0 देह<br>सुगणी देवी पत्नी मूलाराम जाति कुम्हार सा0 रामसर बाड़मेर | <br><br>61/990<br>61/990<br>61/990<br>61/990<br>61/990<br>61/990<br><br>1/33 | | | | |
| कुल किता 01 रकबा 5.3418 है0 | | | | | |

*दावा वादीगण अन्तर्गत धारा—53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम—1955 बाबत तकसीम आराजी व स्थाई निषेधाज्ञा स्वीकार किया जाता है एवं हाल आराजी खसरा संख्या 46/5.3418 है0, 46/2/6.8392 है0, 45/0.0243 है0 मौजा बेरीगांव पटवार मण्डल बेरीगांव तहसील गुड़ामालानी मुताबिक कुर्रेजात रिपोर्ट एवं नजरी नक्शा मय नक्शा—ट्रेस नीचे अंकित तालिकानुसार दावा वाद डिक्री किया जाता है। पक्षकारान के मध्य राजस्व रिकॉर्ड में रास्ता कायम करते हुए अलग—अलग खाता प्रविष्टिया दर्ज किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं।*

<table>
<tr><th>खातेदार</th><th>हिस्सा</th><th>ग्राम</th><th>खसरा</th><th>रकबा</th><th>किस्म</th></tr>
<tr><td>कानाराम पुत्र अजाराम</td><td>20601 / 91540</td><td rowspan="6">बेरीगांव</td><td rowspan="6">46 / 2</td><td rowspan="6">4.5770 है0</td><td rowspan="6">बा0सो0</td></tr>
<tr><td>छोगाराम पुत्र अजाराम</td><td>20601 / 91540</td></tr>
<tr><td>लुम्बाराम पुत्र अजाराम</td><td>20601 / 91540</td></tr>
<tr><td>पारूदेवी पत्नी अजाराम</td><td>20601 / 91540</td></tr>
<tr><td colspan="2">जाति रैबारी (देवासी) सा0 देह खातेदार रहन कानाराम, छोगाराम, लुम्बाराम, पारूदेवी का हिस्सा एसबीआई गुड़ामालानी</td></tr>
<tr><td>ताजाराम पुत्र गेनाराम जाति जाट सा0 देह खातेदार</td><td>2284 / 22885</td></tr>
<tr><td colspan="6">कुल किता 01 रकबा 4.5770 है0</td></tr>
<tr><td>सरूपाराम पुत्र हीराराम</td><td>3 / 5</td><td rowspan="2">बेरीगांव</td><td rowspan="2">45<br>46 / 2</td><td rowspan="2">0.0243 है0<br>2.2662 है0</td><td rowspan="2">गै0मु0<br>बा0सो0</td></tr>
<tr><td>नीम्बा पुत्र हीराराम<br>फौत के कायम मुकाम<br>शांति पुत्री नीम्बाराम<br>धापूदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>अणसीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>अमरू पुत्री नीम्बाराम<br>मफीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>काणीदेवी पुत्री नीम्बाराम<br>जाति रैबारी सा0 देह खातेदार रहन—सरूपा पूर्ण हिस्सा एसबीआई गुड़ामालानी</td><td>1 / 15<br>1 / 15<br>1 / 15<br>1 / 15<br>1 / 15<br>1 / 15</td></tr>
<tr><td colspan="6">कुल किता 02 रकबा 2.2865 है0</td></tr>
</table>

